032

# UTTAR PRADESH YOGA ASSOCIATION

Affiliated To :-
Yoga Federation Of India & UP Olympic Association
Reg. (Under The Society Registration Act XXI Of 1860 Reg.No 462)

Dr. Anil Agrawal
(Member Of Parliament, Rajya sabha)
President

Dr. Yash Parashar
(International Yoga Player)
Secretary General

## Affiliation/Recognition Letter

*Certified That*

DISTRICT - LALITPUR YOGA ASSOCIATION

Is Affiliated / ~~Recognised~~ With

**Uttar Pradesh Yoga Association**

Since...2017.....................

The letter valid to 1st April 2018 to 31st March 2019

headed by

President..Dr. Rajendra...Shrivastava.........................................

Secretary...Nishank....Raikwar.........................................

No Of Representation Authorised In AZGM ......... Subject To Affiliation Fees Being Paid As Per The MOA Of Uttar Pradesh Yoga Association.

For Uttar Pradesh Yoga Association
Secretary

Issued at..Lucknow..............
Date....05.May..2018...................

Dr.Yash Parashar
Secretary General
(Uttar Pradesh Yoga Association)

Contact us : www.upyogaassociation.com
Email : upya001@gmail.com
Contact : +91-9891101044
Address : H.No.-7, Shatabadipuram, Ghaziabad-201013

Scanned with CamScanner




ललितपुर। योगा चैम्पियनशिप में प्रदर्शन करती बालायें।

# प्रतिदिन योग करना स्वस्थ्य के लिए लाभकारी : पीठाधीश्वर

## ■ राइका सभागार में मण्डल योगा चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

ललितपुर। जनपद में प्रथम बार मण्डल योगा चैम्पियनशिप का आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज के सभागार में किया गया। जिसमें यूपी योगा संघ से व झांसी मण्डल एवं ललितपुर जनपद के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मण्डलीय योगा चैम्पियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धपीठ चण्डी माता मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी महाराज ने दीप प्रज्वलन कर किया। तो वहीं आरएसएस नगर प्रचारक अरूणजी, जयनारायण, व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष नरेन्द्र कड़ंकी व प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के अलावा योगा एसोशियेशन के यश पाराशर, रेफरी/झांसी मण्डल सचिव अजय रजक, राइका प्रवक्ता जे.पी.द्विवेदी मौजूद रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती वन्दना बबीता सोनी, रचना राठौर, राखी जैन ने प्रस्तुत की। तो वहीं ए-टू-डी ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इस दौरान नेशनल खिलाड़ी संध्या ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलायी। मौके पर बालक वर्ग से धैर्य प्रिय प्रथम, विशुद्ध द्विवेदी द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में लगन लक्षकार प्रथम, वंशिका ओझा द्वितीय रहीं। बालक वर्ग में प्रवीण सेन प्रथम व बालिका वर्ग से निकीता कुशवाहा प्रथम रहीं। हर्षिता ने द्वितीय, नेहा राजपूत तृतीय व साक्षी साहू चौथे एवं मुस्कान साहू पांचवें स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में देवेन्द्र राजपूत ने प्रथम, बालिका में शिखा कुशवाहा प्रथम व बालक वर्ग से आशीष दुबे प्रथम रहे। इसके अलावा बालिका वर्ग से संध्या कुशवाहा प्रथम, साधना सिंह द्वितीय, रचना राठौर तीसरे, बालक वर्ग में यशु प्रजापति प्रथम, शैलेन्द्र सिंह द्वितीय व हेमन्त कुमार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग से बबीता सोनी प्रथम, सूरज देवी द्वितीय, सीमा पंथ तीसरे, लक्ष्मी देवी चौथे, राखी जैन पांचवें व मंजूलता छठवें स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में महेन्द्र साहू प्रथम, अरविंद्र लक्षकार दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 35 वर्ष से अधिक में रीना भद्रसेन प्रथम रहीं। आयोजन में योगा संघ से आये यश पाराशर, अजय रजक, जिलाध्यक्ष अखिलेश ब्रह्मचारी के अलावा सचिव निशांक रैकवार, अध्यक्ष डा.राजेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश देवलिया, हरगोविंद अहिरवार, राहुल गोविन्द, विक्रम सिंह पाल, मीडिया प्रभारी सलमान पठान, सन्दर्भ पटसारिया, अरूण कुमार, कपिल कुमार, विन्द्रावन निवोरिया सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# प्रतिदिन योग करना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी - पीठाधीश्वर

## राइका सभागार में मण्डल योगा चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन



ललितपुर। जनपद में प्रथम बार मण्डल योगा चैम्पियनशिप का आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज के सभागार में किया गया। जिसमें यूपी योगा संघ से व झांसी मण्डल एवं ललितपुर जनपद के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मण्डलीय योगा चैम्पियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धपीठ चण्डी माता मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी महाराज ने दीप प्रज्वलन कर किया। तो वहीं आरएसएस नगर प्रचारक अरूणजी, जयनारायण, व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष नरेन्द्र कड़ंकी व प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के अलावा योगा एसोशियेशन के यश पाराशर, रेफरी/झांसी मण्डल सचिव अजय रजक, राइका प्रवक्ता जे.पी. द्विवेदी मौजूद रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती वन्दना बबीता सोनी, रचना राठौर, राखी जैन ने प्रस्तुत की। तो वहीं ए-टू-डी ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान नेशनल खिलाड़ी संध्या ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलायी। मौके पर बालक वर्ग से धैर्य प्रिय प्रथम, विशुद्ध द्विवेदी द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में लगन लक्षकार प्रथम, वंशिका ओझा द्वितीय रहीं। बालक वर्ग में प्रवीण सेन प्रथम व बालिका वर्ग से निकीता कुशवाहा प्रथम रहीं। हर्षिता ने द्वितीय, नेहा राजपूत तृतीय व साक्षी साहू चौथे एवं मुस्कान साहू पांचवें स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में देवेन्द्र राजपूत ने प्रथम, बालिका में शिखा कुशवाहा प्रथम व बालक वर्ग से आशीष दुबे प्रथम रहे। इसके अलावा बालिका वर्ग से संध्या कुशवाहा प्रथम, साधना सिंह द्वितीय, रचना राठौर तीसरे, बालक वर्ग में यशु प्रजापति प्रथम, शैलेन्द्र सिंह द्वितीय व हेमन्त कुमार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग से बबीता सोनी प्रथम, सूरज देवी द्वितीय, सीमा पंथ तीसरे, लक्ष्मी देवी चौथे, राखी जैन पांचवें व मंजूलता छठवें स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में महेन्द्र साहू प्रथम, अरविंद लक्षकार दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 35 वर्ष से अधिक में रीना भद्रसेन प्रथम रहीं। आयोजन में योगा संघ से आये यश पाराशर, अजय रजक, जिलाध्यक्ष अखिलेश ब्रह्मचारी के अलावा सचिव निशांक रैकवार, अध्यक्ष डा. राजेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश देवलिया, हरगोविंद अहिरवार, राहुल गोविन्द, विक्रम सिंह पाल, मीडिया प्रभारी सलमान पठान, सन्दर्भ पटसारिया, अरूण कुमार, कपिल कुमार, विन्द्रावन निरोरिया सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए प्रतिभागी व अतिथि।

# बालिकाओं और महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

## मंडल स्तरीय योगा चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

ललितपुर।

उत्तर प्रदेश योगा संघ के नेतृत्व में जनपद में पहली बार मंडल स्तरीय योगा चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बालक व बालिकाओं के अलग-अलग वर्गों में मुकाबला किया गया, जिसमें अव्वल रहे प्रतिभागियों को अतिथियों व संघ द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रथम मंडल स्तरीय योगा चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज स्थित सभागार में किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे स्थानीय चंडी माता मंदिर पीठ के स्वामी चंद्रेश गिरी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद बालिकाओं बबीता सोनी, रचना राठौर व राखी जैन ने मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की और अतिथियों का स्वागत किया गया। इसी स्वागत के क्रम में एट्टूडी डांस ग्रुप द्वारा स्वागत गीत और लगन लक्ष्यकार व देवेंद्र प्रजापति द्वारा योगा डांस की प्रस्तुति की गई।

इसके बाद नेशनल खिलाड़ी संध्या द्वारा शपथ दिलाते हुए चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। 8 वर्ष से 11 वर्ष की बालक वर्ग में धैर्य प्रिय ने प्रथम और विशुद्ध द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, बालिका वर्ग में लगन लक्ष्यकार ने प्रथम व वाशिंका ओझा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 11 से 14 वर्ष के बालक वर्ग में प्रवीण सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में निकिता कुशवाहा ने प्रथम, हर्षिता वर्मा ने द्वितीय, नेहा राजपूत ने तृतीय, साक्षी साहू ने चतुर्थ व मुस्कान साहू ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। 14 से 17 वर्ष की बालक वर्ग में देवेंद्र राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 17 से 21 वर्ष की बालिका वर्ग में शिखा कुशवाहा ने



प्रथम और बालक वर्ग में आशीष दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में 21 से 25 वर्ष की बालिका वर्ग में संध्या कुशवाहा ने प्रथम, साधना सिंह द्वितीय व रंचना राठौर ने तृतीय और बालिक वर्ग में यशु प्रजापति ने प्रथम, शैलेंद्र सिंह ने द्वितीय व हेमंत कुमार ने तृतीय स्थान प्रात किया है। 25 से 35 वर्ष की बालिका वर्ग में बबिता सोनी ने प्रथम, सूरज देवी ने द्वितीय, सीमा पंथ ने तृतीय, लक्ष्मीदेवी ने चतुर्थ व राखी जैन ने पांचवां स्थान और बालक वर्ग में महेंद्र साहू ने प्रथम व अरविंद लक्ष्यकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 35 वर्ष से अधिक में रीना भद्रसेन ने प्रथम स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि समेत विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे आरएसएस के जिला प्रचारक अरुण व नगर प्रचारक जयनारायण समेत व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कड़की, योगा एसोसिएशन के यस पारासर, योग फेरी व झांसी मंडल के सचिव अजय रजक व राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जयशंकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से संघ सचिव निशांक रैकवार, डा. राजेंद्र श्रीवास्तव, राजेश देवालिया, हरगोविंद अहिरवार, राहुल गोविंद, विक्रम सिंह पाल, सलमान पठान, संद्रर्थ पटसारिया, अरुण कुमार, कपिल कुमार, विंद्रावन निवोरिया आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

# योग क्रियाओं में कौशल दिखा किया जिले का नाम रौशन

## * कानपुर में संपन्न हुआ दो दिवसीय योगा महोत्सव




ललितपुर। जिला ललितपुर योगा संघ द्वारा पूर्व में आयोजित हुयी मण्डलीय योगा चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में चयनित योग खिलाड़ियों ने 27-28 जनवरी को कानपुर में यूपी योगा संघ की योगा महोत्सव में जिला ललितपुर के खिलाड़ियों ने योग क्रियाओं में कौशल दिखाया एवं जिले का नाम रोशन किया। 27-28 जनवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश योग महोत्सव 2018 का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ललितपुर के योग खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन करते हुये दो मेडल प्राप्त किये और योग क्रियाओं में उच्च प्रदर्शन किया। इस महोत्सव में विभिन्न मण्डलों से आये हुये खिलाड़ियों के साथ ललितपुर जिले की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें 17 से 21 वर्ष में शिखा कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक जीता, 21 से 25 वर्ष में संध्या कुशवाहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर पदक प्राप्त किया। इन्हें पूर्व खेलमंत्री आर0एन0 राणा जी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ अन्य सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। विशिष्ट योग प्रदर्शन में 65 वर्षीय फूलचन्द्र रजक जी ने अपने योग प्रदर्शन से सबको योग शिक्षा व योग क्रियायें करने का सुझाव दिया। जिला ललितपुर योगा संघ के सचिव निशांक रैकवार व कोषाध्यक्ष राहुल गोबिन्द को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। योग महोत्सव में अजित नापित, आशीष देवु, हेमन्त भास्कर, रचना राठौर, बबीता सोनी, संध्या कुशवाहा, शिखा कुशवाहा, मनीषा साहु, मन्जूलता, पूजा, श्रृद्धा पटेल, फूलचन्द्र रजक, राहुल गोबिन्द, सलमान खान, विक्रम सिंह पाल, अरूण कुमार, राजेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

# योगा में किया जिले का नाम रौशन

ललितपुर. जिला ललितपुर योगा संघ द्वारा पूर्व में आयोजित हुयी मण्डलीय योगा चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में चयनित योग खिलाड़ियों ने 27-28 जनवरी को कानपुर में यूपी योगा संघ की योगा महोत्सव में जिला ललितपुर के खिलाड़ियों ने योग क्रियाओं में कौशल दिखाया एवं जिले का नाम रोशन किया। 27-28 जनवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश योग महोत्सव 2018 का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ललितपुर के योग खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन करते हुये दो मेडल प्राप्त किये और योग क्रियाओं में उच्च प्रदर्शन किया। ललितपुर जिले की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया।

Scanned with CamScanner




ललितपुर। योगरत्न से सम्मानित करते राज्यपाल।

# संध्या ने सिल्वर व शिखा ने जीता ब्रोंज

## राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में ललितपुर चमका

ललितपुर ब्यूरो। उत्तर प्रदेश योग संघ द्वारा बाबू बनारसीदास यूनिवर्सिटी के अखिलेशदास ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यपाल राम नाइक द्वारा किया गया। त्रिदिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। ललितपुर की बालिकाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला के नाम दो मैडल दिलाये। आयु 17 से 21 वर्ष में शिखा कुशवाहा को ब्रोंज एवं 21 से 25 वर्ष में संध्या कुशवाहा ने सिल्वर मैडल मिला। दोनों ही खिलाड़ियों को पटियाला के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) में आयोजित होने वाले नेशनल के लिए चयनित किया गया। इस दौरान जिला सचिव निशांक रैकवार को राजपाल द्वारा योगरत्न अवार्ड से सम्मानित किया। प्रदेश सचिव यश पराशर ने राहुल गोविंद और अरुण को भी सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रिया ताम्रकार, प्रियंका यादव, निहारिका कुशवाहा, राधा विश्वकर्मा, संध्या, शिखा, राजभान, आशीष दुबे, राजाबाबू ने प्रतिभाग किया। वापिस आने पर सभी खिलाड़ियों का स्टेशन पर संघ सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान संघ अध्यक्ष डा.राजेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश मालवीय, विक्रम, अजित, बबीता, पूजा, सौरव, जावेद आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में ललितपुर का दबदबा

ललितपुर। उत्तर प्रदेश योग संघ द्वारा 27 से 29 जून तक बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी के अखिलेशदास आडोटोरियम में आयोजित हुई राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित की, जिसका शुभारंभ राज्यपाल राम नाइक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ललितपुर जिले की बालिकाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला के नाम दो मैडल दिलाये। आयु 17 से 21 वर्ष में शिखा कुशवाहा को ब्रोंज एवं 21 से 25 वर्ष में संध्या कुशवाहा ने सिल्वर मैडल मिला। दोनों ही खिलाड़ियों को पटियाला के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) में आयोजित होने वाले नेशनल के लिए भी चयन किया गया। इस दौरान जिला सचिव निशांक रैकवार को भी राजपाल राम नाईक द्वारा योगरत्न अवार्ड से सम्मानित किया.। तो वहीं प्रदेश सचिव यश पराशर ने राहुल गोविंद और अरुण को भी सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रिया ताम्रकार, प्रियंका यादव, निहारिका कुशवाहा, राधा विश्वकर्मा, संध्या, शिखा, राजभान, आशीष दुबे, राजाबाबू ने प्रतिभाग किया। वापिस आने पर सभी खिलाड़ियों का स्टेशन पर संघ सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान संघ अध्यक्ष डा.राजेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश मालवीय, विक्रम,अजित, बबीता, पूजा, सौरव, जावेद आदि लोग मौजूद थे।

Scanned with CamScanner

# योग प्रतियोगिता में ललितपुर को मिले दो मेडल

ललितपुर। उत्तर प्रदेश योग संघ द्वारा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ललितपुर को दो मेडल मिले। विजेता बालिकाओं शिखा व संध्या को राज्यपाल रामनाईक ने सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश योग संघ द्वारा लखनऊ स्थित बाबू बनारसीदास यूनिवर्सिटी के अखिलेश दास ऑडीटोरियम में राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के लगभग एक हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। ललितपुर की बालिकाओं ने बेहतर प्रदर्शन करतके हुए जिला के नाम दो मैडल दिलाए। आयु 17 से 21 वर्ष में शिखा को ब्रोंज व 21 से 25 आयु वर्ग में संध्या कुशवाहा ने सिल्वर मैडल जीता। दोनों की खिलाड़ियों को पटियाला के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में आयोजित होने वाले नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी चयन किया गया। इस दौरान जिला सचिव निशांक रैकवार को भी राज्यपाल द्वारा योग रतन अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रदेश के सचिव यश पराशर ने जिले के राहुल, गोविंद व अरुण का भी सम्मान किया। इस प्रतियोगिता में प्रिया ताम्रकार, प्रियंका यादव, निहारिका कुशवाहा, राधा विश्वकर्मा, संध्या, शिखा, राजभान, आशीष दुबे, राजाबाबू ने प्रतिभाग किया था।

Scanned with CamScanner

# योगासन प्रतियोगिता में 2 बालिकाओं को पदक



ललितपुर: उत्तर प्रदेश योग संघ द्वारा बाबू बनारसीदास यूनिवर्सिटि के अखिलेश दास ऑडोटोरियम में सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में ललितपुर की बालिकाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन में दो पदक पाने में सफलता प्राप्त हुई। उन्हें राज्यपाल रामनाईक द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें 17 से 21 आयु वर्ग में शिखा कुशवाहा को कांस्य एवं 21 से 25 आयु वर्ग में संध्या कुशवाहा को रजत पदक प्राप्त हुआ। दोनों को पटियाल के स्पोर्ट्स अथॉरिटि ऑफ इण्डिया में आयोजित होने वाले नेशनल के लिए चुना गया। इस दौरान जिला सचिव निशाँक रायकवार को भी योग रतन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के सचिव यश पाराशर द्वारा जिले के राहुल गोविन्द व अरुण को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रिया ताम्रकार, प्रियंका यादव, निहारिका कुशवाहा, राधा विश्वकर्मा, संध्या, शिखा, राजभान, आशीष दुबे, राजाबाबू ने प्रतिभाग किया। ललितपुर वापसी पर सभी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान संघ अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश मालवीय, विक्रम, अजित, बबीता, पूजा, सौरभ, जावेद आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# ट्रायल योगा से विजयी प्रतिभागी जायेंगे लखनऊ

**ललितपुर/दैनिक सदय.**

डिस्ट्रिक्ट ललितपुर योगा एसोशियेशन के तत्वाधान में आगामी 11 जून को लाइफ विजन अकेडमी सिविल लाइन में जनपदीय योगा ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुये सचिव निशांक रैकवार ने बताया कि प्रत्येक आयुवर्ग में तीन खिलाड़ी चयनित किये जायेंगे, जो 27 से 29 जून को लखनऊ में आयोजित यू.पी.योगा स्टेट चौम्पियनशिप में भाग लेंगे। बताया कि प्रतियोगिता में 8 से 14, 14 से 17, 17 से 21, 21 से 25 व 25 से 35 और 35 के उपरान्त आयू में होगी।

Scanned with CamScanner

# योग को सम्पूर्ण खेल का दर्जा दिलाये जाने हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

( जनप्रिय संवाददाता )

ललितपुर। उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन के तत्वधान में योग को सम्पूर्ण खेल का दर्जा दिलाय जाने हेतु एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 27 जून 2019 को जिला ललितपुर योग एसोसिएशन के नेतृत्व में योग को सम्पूर्ण खेल का दर्जा दिलाये जाने हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। इस अभियान को सफल बनाने हेतु ललितपुर एसोसिएशन के सचिव निशांक रैकवार, नेशनल रेफरी राहुल गोविन्द, राज्य स्तरीय योग रेफरी प्रिया ताम्रकार, अरुण, राजभान, महेन्द्र, सौरभ आदि उपस्थित थे।

## ...नका परिषद ललितपुर

...धारा 143(1) व 147 (1) के अंतर्गत

... 2018–19 दिनांक–21.06.2019

### ...निक सूचना

...किया जाता है कि श्री नीरज ... जायसवाल नि0– हरदीला ने ... हरदीला वार्ड नं0–15 ललितपुर ... नाम श्रीमती निशि जायसवाल ...के स्थान पर प्रार्थी द्वारा संलग्न ...प्रमाण पत्र व नोटरी शपथ के ...सवाल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, ...ो श्री नीरज जायसवाल नाम ... पत्र प्रस्तुत किया है।

...संबंध में यदि किसी व्यक्ति को ...सूचना प्रकाशन से एक माह के ... रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित ... सकते हैं, नियत अवधि व्यतीत ... आपत्ति पर कोई विचार नही ... में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार ... जायेगा।

...ी अधिकारी

...परिषद, ललितपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद ललितपुर

यू0पी0म्यूनिस्पल एक्ट 1916 की धारा 143(1) व 147 (1) के अंतर्गत

पत्रांक–1145 / कर विभाग / 2018–19 दिनांक–21.06.2019

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चेतन त्रिपाठी पुत्र स्व. श्री गोपीलाल त्रिपाठी एवं श्री कोमलचन्द्र, हरदास पुत्रगण श्री अनन्दीलाल नि0– आजादपुरा ने मकान नं0–500 मु0– आजादपुरा वार्ड नं0–14 पर पालिका अभिलेखो मे दर्ज नाम श्री अनन्दीलाल पुत्र रम्मू कुशवाहा का नाम अंकित है जिनकी मृत्यु दिनांक 22.02.2007 को हो चुकी है। प्रार्थी ने संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र, वारसान प्रमाण पत्र नोटरी शपथ के आधार पर श्री कोमलचन्द्र हरदास पुत्रगण स्व0 अनन्दीलाल एवं उक्त मकान के भाग पर संलग्न रजि0 विक्रय पत्र के आधार पर श्री चेतन त्रिपाठी पुत्र गोपीलाल त्रिपाठी का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त नामान्तरण के संबंध मे यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से एक माह के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप मे प्रमाणित साक्ष्यों सहित इस कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि व्यतीत हो जाने उपरान्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा पालिका मे उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद, ललितपुर**

Scanned with CamScanner

# तीन को होगी योगासन प्रतियोगिता

**तीन अगस्त को सुबह दस बजे से प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है**

ललितपुर। जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता को लेकर हुई बैठक में तीन अगस्त को सुबह दस बजे से प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता को लक्ष्मी इंटरमीडिएट अभि एजुकेशन में कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें विभिन्न आयु वर्गों के अनुसार छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस दौरान योग संघ के सभी पदाधिकारी, स्टेट रेफरी, नेशनल व स्टेट खिलाड़ी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner